HAMIRPUR POLICE

थाना कोतवाली/क्राइम ब्रांच **दिनाँक 04.09.2023**

फाइनेंस के नाम ग्राहको से धोखाधड़ी कर रुपए हड़पने वाला फरार चल रहा अभियुक्त गिरफ्तार

अवगत कराना है कि महिंद्रा एवं महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड जिसका प्रधान कार्यालय मुंबई में स्थित है एवं जिसकी एक शाखा जनपद हमीरपुर में है उक्त कंपनी वाहन एवं मशीनों हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने का व्यवसाय करती है उपरोक्त कंपनी में रजनीश कुमार श्रीवास्तव पुत्र श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव निवासी त्रिलोकपुर निवादा, थाना कादीपुर, जिला सुलतानपुर कंपनी में एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत था एवं आरोपी द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर अनुचित लाभ कमाने के उद्देश्य से कई ग्राहकों से ऋण धनराशि नगद व व्यक्तिगत बैंक खातों में छल व कपटपूर्वक धोखा देकर रुपए प्राप्त कर संबंधित खातों में जमा न कर हड़पने संबंधित सूचना/तहरीर कोतवाली सदर में प्राप्त हुई थी जिसके आधार पर कोतवाली सदर हमीरपुर में आरोपी के विरुद्ध मु0अ0सं0-95/22, धारा-409/420/467/468/471 आईपीसी, मु0अ0सं0-163/22, धारा-409/420 आईपीसी एवं मु0अ0सं0-72/23, धारा-409/420 आईपीसी में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

उपरोक्त अभियुक्त लगभग डेढ़ वर्ष से फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा अपराध शाखा हमीरपुर को निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 04.09.2023 को प्र0नि0 अपराध शाखा द्वारा कोतवाली सदर पुलिस बल के साथ उपरोक्त वांछित अभियुक्त रजनीश कुमार श्रीवास्तव पुत्र श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव निवासी त्रिलोकपुर निवादा थाना कादीपुर जिला सुल्तानपुर वर्तमान निवासी म0न0-1/7/122A मुरावनटोला थाना कैंट जनपद अयोध्या को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1)निरीक्षक मो0 तौफीक खान अपराध शाखा

2)का0 अभिषेक तिवारी कोतवाली सदर

3)का0 विकास कुमार कोतवाली सदर